कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 31.01.2024

/प्रेस विज्ञप्ति/

प्राचार्य डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी के सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह

शासकीय डॉ0 वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में प्राचार्य डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी के सेवानिवृत्ति के अवसर पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल ने उनकी उपलब्धियों के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि उन्होंने महाविद्यालय में अभावों के बीच सीमित संसाधनों के बावजूद नैक मूल्यांकन में महाविद्यालय को B++ ग्रेड तक पहुंचाया। उनके प्रयासों से ''मोर नोनी'' योजना के अंतर्गत ग्रीन आर्मी, रेड–क्रॉस, देसी डे, आगाज, रेड आर्मी आदि नवाचारों को बढ़ावा मिला। प्राचार्य महोदय जी के कार्यकाल में विभागीय गतिविधियों में तेजी आयी। वे बैंठकों में सभी को अनुशासित रहकर अपने कर्त्तव्यों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित करते थे।

वाणिज्य विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ0 के0 एल0 राठी ने कहा कि प्राचार्य का अध्ययन–अध्यापन के लिए जुनून, छात्रों के प्रति प्रतिबद्धता, महाविद्यालय का प्रबंधन एवं महाविद्यालय के प्रति समर्पण अद्वितीय है। विदाई समारोह के इस अवसर पर प्राचार्य डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज मेरे 42 वर्षों के शासकीय सेवा का अंतिम दिन है। सेवाकाल के दौरान मुझे राज्य के 05 महाविद्यालयों में कार्य करने का मौका मिला। इस महाविद्यालय में आने के पश्चात् मुझे कार्य करने का सुखद् अनुभव प्राप्त हुआ। नैक की कठिनाईयों का हम सबने बखूबी सामना किया। कम साधन में अपनी क्षमता का श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। मैंने पाया कि यहां पर हर शख्स अपने कार्य में दक्ष है। शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण बनाने में पूरे महाविद्यालय परिवार का सहयोग रहा है। इस महाविद्यालय की छात्राऐं भी प्रतिभाशाली हैं, उन्होंने न केवल शैक्षणिक बल्कि क्रीडा, रेडक्रॉस, एन0 एस0 एस0 और सांस्कृतिक गतिविधियों में राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति अर्जित की है।

इस अवसर पर डॉ0 विजय कुमार वासनिक ने ''जिंदगी एक सफर है सुहाना'' तथा डॉ0 मिलिन्द अमृतफले ने ''बीते हुए लम्हों की कसक साथ तो होगी'' आदि गीत गाए। डॉ0 आरती गुप्ता, डॉ0 सुनीता गुप्ता, श्री शिशिर दर्शन सिंह बघेल आदि ने इस अवसर पर अपने विचार प्रस्तुत किए। उक्त दिवस पर विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्यों ने भी आकर प्राचार्य महोदय को शुभकामनाऐं प्रदान की। इस अवसर पर पूरा महाविद्यालय परिवार उपस्थित था। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 ऋचा ठाकुर ने किया।

टीप – छात्रहित में समाचार पत्र के रूप में प्रकाशित।

(डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल)
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वामन वासुदेव पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग

शासकीय डॉ0 वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग